प्रेषक,

**मिशन निदेशक**
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

**समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

पत्रसंख्याः एस0पी0एम0यू0 / एम0आई0एस0 / एम0सी0टी0एस0 / 2015—16 / 51—A/6909-75 दिनांकः 22/09/15

**विषय : वित्तीय वर्ष 2015—16 (अगस्त माह तक), एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के आधार पर जनपदों की रिपोर्ट के संबंध में।**

महोदय,

भारत सरकार द्वारा संचालित मदर एण्ड चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम (MCTS) पोर्टल पर राज्य में गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाता है, तत्पश्चात् लाभार्थियों को प्रदान की गयी स्वास्थ्य सेवाओं का अपडेशन पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाता है जिसके अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं की ए0एन0सी0 सेवाओं की रिपोर्टिंग, बच्चों के टीकाकरण सेवाओं की रिपोर्टिंग, प्रसव में जटिलता अथवा रक्तअल्पता वाली गर्भवती माताओं की ट्रैकिंग एवं कम वजन के बच्चों की ट्रैकिंग हेतु पोर्टल पर ब्लाक स्तर से डाटा के ऑनलाइन फीडिंग के कार्य को सम्पादित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य एम0सी0टी0एस0 पोर्टल की सहायता से सभी लाभार्थियों को निर्धारित समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर राज्य की मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना हैं।

वित्तीय वर्ष 2015—16 के अगस्त माह तक एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के द्वारा एम0सी0टी0एस0 की मासिक प्रगति रिपोर्ट को तैयार किया गया है। आंकड़ो के विश्लेषण के आधार पर प्रदेश की रिर्पोटिंग स्थिति निम्नवत है :—

**(1) लाभार्थियों के पंजीकरण की स्थिति :—**

**(क) गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण** :— राज्य में वित्तीय वर्ष 2015—16, अगस्त माह तक कुल 13,07,589 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण हुआ है जो की 48.39 प्रतिशत है। साथ ही पिछले वित्तीय वर्षो में गर्भवती महिलाओं की पंजीकरण स्थिति निम्न है :—

| Year Wise Mother Registration Percentage (%) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| FY 2015-16 | FY 2014-15 | FY 2013-14 | FY 2012-13 | FY 2011-12 |
| **48.39%** | 57.21% | 56.22% | 32.34% | 25.36% |

**(ख) बच्चों का पंजीकरण** :—राज्य में वित्तीय वर्ष 2015—16, अगस्त माह तक कुल 6,28,865 बच्चों का पंजीकरण हुआ है जो की मात्र 26.95 प्रतिशत है। साथ ही पिछले वित्तीय वर्षो में बच्चों का पंजीकरण निम्न है :—

| Year Wise Child Registration Percentage (%) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| FY 2015-16 | FY 2014-15 | FY 2013-14 | FY 2012-13 | FY 2011-12 |
| **26.95%** | 50.29% | 49.11% | 29.99% | 24.55% |

**(2) स्वास्थ्य सेवाओं की अपडेशन स्थिति :—**

**(क) ए0एन0सी0 सेंवाओं का अनुसरण** :— पोर्टल पर एल0एम0पी0 अगस्त—2014 की पंजीकृत कुल 2,55,414 गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष, माह अगस्त—2015 तक मात्र 6491 महिलाओं की सभी ए0एन0सी सेंवाए पोर्टल पर दर्ज की गयी है जो की मात्र 2.54 प्रतिशत है।

| Reporting of Services of Pregnant women | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ANC Services | Number | Percentage (%) | Services | Number | Percentage (%) |
| **Registration/ANC1** | 255414 | | TT1 | 162953 | 63.80% |
| ANC2 | 73688 | 28.85% | TT2 | 81523 | 31.92% |
| ANC3 | 24984 | 9.78% | TT Booster | 7060 | 2.76% |
| ANC4 | 7860 | 3.08% | IFA | 125422 | 49.11% |
| 3 ANC's | 24708 | 9.67% | | | |
| All ANC | **6491** | **2.54%** | | | |

**(ख) डिलेवरी रिपोर्टिंग** :– पोर्टल पर एल0एम0पी0 माह अगस्त–2014 की पंजीकृत कुल 2,55,414 गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष, माह अगस्त–2015 तक मात्र 17,853 महिलाओं की डिलेवरी पोर्टल पर दर्ज की गयी है जो की मात्र 6.99 प्रतिशत है जिससे स्पष्ट है कि एम0सी0टी0एस0 पोर्टल को अपडेट नहीं किया जा रहा है।

| Delivery Status | | Number | Percentage (%) |
|---|---|---|---|
| Deliveries Reported | Deliveries in Govt Institution | 14043 | 5.50% |
| | Deliveries in Pvt. Institution | 1311 | 0.51% |
| | Deliveries At home | 1959 | 0.77% |
| | Delivery Place Not given | 540 | 0.21% |
| | **Total Delivery Reported:** | **17853** | **6.99%** |
| Abortion Reported: | | 154 | 0.06% |
| Delivery Due But Not Reported: | | 237407 | 92.95% |

**(ग) बच्चों के टीकाकरण सेवाओं का अनुसरण** :– पोर्टल पर DOB माह अगस्त–2014 के पंजीकृत कुल 3,46,673 बच्चों के पंजीकरण के सापेक्ष, माह अगस्त–2015 तक कुल 12535 बच्चों का पूर्ण टीकाकरण अंकित किया गया है जो की मात्र 3.62 प्रतिशत है।

| Immunization reporting status of Children | | |
|---|---|---|
| Immunization | Number | Percentage (%) |
| Registration | **346673** | |
| BCG | 207214 | 59.77% |
| OPV0 | 154140 | 44.46% |
| HEP0 | 66768 | 19.26% |
| DPT1 | 137598 | 39.69% |
| OPV1 | 134940 | 38.92% |
| HEP1 | 135685 | 39.14% |
| DPT2 | 82366 | 23.76% |
| OPV2 | 81554 | 23.52% |
| HEP2 | 82056 | 23.67% |
| DPT3 | 51813 | 14.95% |
| OPV3 | 51517 | 14.86% |
| HEP3 | 51224 | 14.78% |
| Measles | 13826 | 3.99% |
| Vit A | 13184 | 3.80% |
| **All Vaccination** | **12535** | **3.62%** |

**(3) एनीमिया 7 ग्राम/डी0एल0 से कम, एनीमिया 11 ग्राम/डी0एल0 से कम, कॉम्प्लीकेशन, मदर डेथ एंव कम वजन डिलेवरी की रिपोर्टिंग स्थिति :-**

वित्तीय वर्ष 2015–16 (अगस्त माह तक) कुल पंजीकृत 13,07,589 गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष एनीमिया 7 ग्राम/डी0एल0 से कम, एनीमिया 11 ग्राम/डी0एल0 से कम, कॉम्प्लीकेशन, कम वजन डिलेवरी एवं मदर डेथ के निन्नलिखित केस दर्ज किये गये।

| Reporting of Anemia, Comlications, Low Weight & Mother Death | Number | Percentage (%) |
|---|---|---|
| Total Mother Registered | **13,07,589** | |
| Anemia Severe<7 | 5260 | 0.40% |
| Anemia Moderate<11 | 132520 | 10.13% |
| Complications | 5868 | 0.45% |
| Delivered Child weighing<2.5 kg | 482 | 0.04% |
| Mother Death | 80 | 0.006% |

**(4) नॉट रिपोर्टिंग फैसिलिटी, अतिरिक्त उपकेन्द्र एवं मैपिंग की स्थिति :-**

एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर कुल 25,185 उपकेन्द्र दर्ज है जिसमें 4823 (19.15%) अतिरिक्त उपकन्द्र है, इसके लिए Schedule Report की L-Report डाउनलोड कर जनपद स्तर से अतिरिक्त उपकेन्द्रों की सूची राज्य कार्यक्रम इकाई को दिये गये प्रारुप (C Annexure-1, Annexure-2) में पत्र के साथ भेजें जिससे कि अतिरिक्त उपकेन्द्रों को भारत सरकार के स्तर से हटाया अथवा सही स्थान पर शिफ्ट किया जा सके।

| Sub-center level mapping and reporting status | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Number of Sub-centers mapped on MCTS portal | Actual No of Sub Centers (approx) | Extra Sub-centers mapped on MCTS Portal | Not Reporting Mother (last month) | Not Reporting Child (last month) |
| 25185 | 20362 | 4823 | 10956 | 15640 |

इसके साथ ही 73.72% गाँवों की विलेज लेवल मैपिंग होनी शेष है, इसके लिए डाटाइन्ट्री सेक्शन के M.Common Master village mapping for district user विकल्प का प्रयोग कर इस कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

| Village level mapping Status | |
|---|---|
| Total Villages on MCTS portal | Villages Not mapped |
| 1,08,269 | 79,821 |

**(5) ए0एन0एम0, आशा एवं लाभार्थियों के वेरिफिकेशन की स्थिति** :- एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर दर्ज लाभार्थियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के फोन नम्बर पर कॉल करके उनसे सम्बन्धित जानकारी का वेरीफिकेशन कर डाटा की वैलीडेशन स्थिति निम्नवत है।

| Phone Number Verification Status | Total Registered on MCTS Portal | Phone Number validated on MCTS | Validation Percentage (%) |
|---|---|---|---|
| ANM | 30,673 | 17,206 | **56.09%** |
| ASHA | 1,47,348 | 27581 | **18.72%** |
| Beneficiaries | 13,27,293 | 3 | **0.00%** |

(6) वर्कप्लान जनरेशन, यू0एस0एस0डी0 एवं आर0सी0एच0 रजिस्टर की स्थिति :–

(क) वर्कप्लान जनरेशन की स्थिति– माह अगस्त 2015 में कुल 10592 वर्कप्लान जनरेट किये गये है जो की निम्नवत है।

| Workplan Generation Status | |
|---|---|
| **Type of Workplan** | **Number of workplan** |
| A. Workplan For ANC | 878 |
| B. Workplan For Delivery | 69 |
| C. Workplan For PNC | 72 |
| D. Workplan For Infant Immunization | 261 |
| E. Workplan For Child Immunization | 352 |
| F. Workplan by HealthProvider ID | 0 |
| G. Workplan by Beneficiary ID | 0 |
| H. Facility Wise Workplan | 0 |
| **Total Workplan Generated:** | **1632** |

(ख) यू0एस0एस0डी0 सेवा की स्थिति :– 7839 सिरीज के ए0एन0एम0 को आंवटित कुल 20717 नम्बरों में से 4910 नम्बरों पर यह सुविधा वेरीफाई एवं लॉक की गयी है जिसकी स्थिति निम्नवत है :–

| | USSD Status for 7839 Series Numbers of ANM | Allotment vs. Progress at each step |
|---|---|---|
| Step: 1 | Total 7839 Series No allotted to ANM | |
| | **20717** | |
| Step 2 | Total Numbers Updated on Portal | 86.33% |
| | 17886 (86.33%) | |
| Step 3 | Total Verified Numbers | 64.59% |
| | 13383 (74.82%) | |
| Step 4 | Numbers Registered for USSD | 50.37% |
| | 10437 (77.98%) | |
| Step 5 | Numbers Locked for USSD by ANM | **23.70%** |
| | **4910 (47.04%)** | |

(ग) आर0सी0एच0 रजिस्टर (Integrated RCH Register Version 1.1) की स्थिति :– 75 जनपदों में से 73 जनपदों में आर0सी0एच0 रजिस्टर प्रिंट किये गये है जबकी 2 जनपदों इटावा एवं फैजाबाद में प्रिंट होना शेष है, इन शेष जनपदों को निर्देशित किया जाता है की आर0सी0एच0 रजिस्टर को प्रिंट कराये एवं इन्हे वितरित करें।

(7) ए0एन0एम0 एवं आशा के बैंक खातों की एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर अपडेशन स्थिति :– ए0एन0एम0 एवं आशा के बैंक खातों का एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर अपडेशन स्तर कमशः 11.69 प्रतिशत एवं 60.54 प्रतिशत है।

| **Account Updation Status** | Total Registered on MCTS Portal | With Bank Account | With Bank Account (%) |
|---|---|---|---|
| ANM | 29,118 | 3,404 | **11.69%** |
| ASHA | 145,519 | 88,096 | **60.54%** |

एम0सी0टी0एस0 कार्यक्रम के संबंध में आपेक्षित है कि इस कार्यक्रम का नियमित अनुसरण किया जाये तथा इस कार्यक्रम से सम्बद्ध समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संवेदनशील किया जाये जिससे कि एम0सी0टी0एस0 कार्यक्रम को आपेक्षित गति प्रदान की जा सके।

नोट–

1. साथ ही साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक हर माह सभी ब्लाकों में गर्भवती माताओं एवं बच्चों का प्रिंटेड वर्कप्लान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को उपलब्ध करवाना एवं लाभार्थियों को दी गयी सेवाओं को पोर्टल पर अपडेट करवाना भी सुनिश्चित करें।
2. सभी जनपदों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के नम्बरों को एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर अपडेट कर वेरिफिकेशन कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि वे सभी यू0एस0एस0डी0 सुविधा का उपयोग कर सके। साथ ही साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बैंक से सम्बन्धित जानकारी को एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर अपडेट कराना सुनिश्चित करें।
3. आर0सी0एच0 रजिस्टर की प्रिंटिंग एवं वितरण कर उसका प्रयोग डाटा भरवाने हेतु सुनिश्चित करें।

संलग्नक (1) प्रगति रिपोर्ट, माह अगस्त 2015 (पृष्ठ 01–26)

- वर्ष 2015–16 (अगस्त माह तक), गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पंजीकरण की स्थिति। (पृष्ठ 1,2)
- गर्भवती महिलाओं को दी गयी ए0एन0सी0 सेवाओं की रिपोर्टिंग स्थिति। (पृष्ठ 3,4)
- गर्भवती महिलाओं को दिये गये टी0टी0 एवं आई0एफ0ए0 टैबलेट की रिपोर्टिंग स्थिति। (पृष्ठ 5,6)
- गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी की पोर्टल पर रिपोर्टिंग स्थिति। (पृष्ठ 7,8)
- बच्चों के टीकाकरण की पोर्टल पर रिपोर्टिंग स्थिति। (पृष्ठ 9,10,11,12)
- एनीमिया 7 ग्राम/डी0एल0 से कम, एनीमिया 11 ग्राम/डी0एल0 से कम, कॉम्प्लीकेशन, मदर डेथ एवं कम वजन डिलेवरी की रिपोर्टिंग स्थिति। (पृष्ठ 13,14)
- नॉट रिपोर्टिंग फैसिलिटी, अतिरिक्त उपकेन्द्र एवं मैपिंग की स्थिति। (पृष्ठ 15,16)
- ए0एन0एम0, आशा एवं लाभार्थियों के नम्बरों की वेरिफिकेशन स्थिति। (पृष्ठ 17,18)
- माह अगस्त 2015 में वर्कप्लान जनरेशन की स्थिति। (पृष्ठ 19,20)
- यू0एस0एस0डी0 सेवा की स्थिति। (पृष्ठ 21,22)
- आर0सी0एच0 रजिस्टर की प्रिन्टिग एवं वितरण की स्थिति। (पृष्ठ 23,24)
- ए0एन0एम0 एवं आशा के बैंक खातों की अपडेशन स्थिति। (पृष्ठ 25,26)

(2) रैंकिंग, माह अगस्त 2015

- मातृ–शिशु पंजीकरण, ए0एन0सी0, डिलेवरी एवं टीकाकरण पर आधारित जनपदों की रैंकिंग।

भवदीय

19/9/15

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0/एम0आई0एस0/एम0सी0टी0एस0/2015–16/51–A/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश शासन।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य महानिदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
4. अपर निदेशक, यू0आई0पी0, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति जनपद।
8. समस्त महाप्रबंधक, एस0पी0एम0यू0, एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
9. जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, समस्त जनपद।
10. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, सिफसा/एन0आर0एच0एम0 उत्तर प्रदेश मण्डल।
11. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0आर0एच0एम0 उत्तर प्रदेश जनपद।

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक